**खुलासा** जीजा हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, सोशल मीडिया से ली प्रेरणा

# अंधी हत्या : पचास हजार में दी थीं सुपारी

**नवभारत। नरसिंहपुर** जिले में मंगलवार को पुलिस ने एक चौंकाने वाले हत्याकांड का खुलासा किया, जिसने सभी को हैरान कर दिया। आरोपी सुष्मा उर्फ निधि साहू ने अपने ही जीजा सृजन साहू की हत्या की साजिश रचकर उसे मरवा दिया। यह पूरी वारदात एक योजनाबद्ध सुपारी किलिंग थी, जिसकी प्रेरणा निधि ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए अपराध संबंधी वीडियो से ली थी। जांच में सामने आया कि घटना के दिन मृतक सृजन साहू के साथ जो युवती देखी गई थी, वह मुंगवानी थाना क्षेत्र के बरहटा गांव निवासी सुष्मा उर्फ निधि साहू थी। पूछताछ में शुरुआत में निधि ने सृजन के साथ होने से इंकार किया, लेकिन पुलिस की तकनीकी टीम को जानकारी मिली कि सफेद रंग की कार में उसके साथ दो और व्यक्ति मौजूद थे। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की, जिनमें रीछा निवासी साहिल पटेल का नाम प्रमुख रूप से सामने आया। पूछताछ में साहिल ने स्वीकार किया कि निधि साहू ने अपने जीजा सृजन साहू की हत्या करवाने के लिए 50,000 रूपये की सुपारी दी थी।



### अवैध प्रेम संबंधों के चलते की गई थी हत्या

साहिल के अनुसार, निधि ने 20,000 रूपये अग्रिम दिए थे और योजना के अनुसार उसने एक नाबालिग सहयोगी के साथ मिलकर ग्राम घोघरा के जंगलों में सृजन साहू की चाकुओं से हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को पत्थरों में दबाकर छुपा दिया गया। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना और वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया। डॉग स्क्वाड की मदद से शव और अन्य साक्ष्यों की तलाशी ली गई। आरोपीगण की निशानदेही पर मृतक सृजन साहू का शव, हत्या में प्रयुक्त स्विफ्ट कार, दो चाकू, हत्या के दौरान पहने गए खून से सने कपड़े एवं अन्य सामग्री बरामद की गई। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 103(1), 238, 61(2)(क) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। पुलिस अधीक्षक डॉ. मीना ने हत्या का पर्दाफाश करने वाली टीम को 10,000 रूपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया है।

### पुलिया के नीचे मिला शब्बू कहार का शव



**नवभारत। गाडरवारा।** बोदरी रोड पर पुलिया के नीचे 35 वर्षीय युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई । मृतक की पहचान शब्बू कहार, निवासी बटेसरा के रूप में हुई। शहर के बोदरी रोड स्थित पुलिया के नीचे एक शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। कुछ ही समय में आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पानी से बाहर निकलवाया और जांच शुरू की। जांच के दौरान शव की पहचान शब्बू कहार (35 वर्ष), निवासी ग्राम बटेसरा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक ग्राम बोदरी में अपने ससुराल घूमने आया हुआ था। मृतक का शव बोदरी पुलिस चौकी से लगभग 1 किलोमीटर दूरी पर पुलिया के किनारे पानी में पड़ा मिला। स्थानीय पार्षद को जैसे ही घटना की जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उक्त व्यक्ति की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# घटनाओं के बाबजूद सबक नहीं ले रहा बैंक प्रबंधन

### पार्किंग व्यवस्था ना होने से सड़कों पर लगता है जाम

**नवभारत। तेंदूखेड़ा।** इन दिनों पार्किंग व्यवस्था को लेकर विवादों की मुख्य बजह देखने को मिल रही है। जिला प्रशासन ने भी सुधार की दिशा में पार्किंग वाले क्षेत्रों में नोटिस भेजना शुरू किया है। तेंदूखेड़ा तहसील मुख्यालय में भी कुछ सड़क मार्ग सड़कें चौड़ी बन जाने के बाद भी पार्किंग व्यवस्था और आवागमन में पीड़ा दायक बनें हुए हैं। तेंदूखेड़ा के पुराने बस स्टैंड से कृषि उपज मंडी तरफ जाने वाली सड़क मार्ग पर बैंकिंग क्षेत्र की संस्थाओं डाक्टरों की क्लीनिकें सोने चांदी और अनाज व्यापारियों की दुकानें बड़ी संख्या में हैं।

लेकिन इस सड़क मार्ग पर आज स्थिति यह बनीं हुई है कि चौड़ी सड़क बन जाने के बाबजूद भी सड़क आज सकरी बनीं हुई है।मनचले तरीके से लोगों को बाहन खड़ा करके जाना सामने तरफ से आने वाले भारी वाहनों को बाहन निकालने में होने वाली परेशानी हाट टांक देखने को मिला करती है। ऊपर से मवेशियों का जमावड़ा कोड़ में खाज वाली कहावत को चरितार्थ कर रहा है।



**सड़कों पर खड़े हो रहे वाहन**

मंडी सड़क मार्ग पर मुख्य रूप से राष्टीयकृत बैंकों की दो शाखाएं संचालित है लेकिन इनके सामने पार्किंग की कोई उचित व्यवस्था ना होने के कारण शाखाओं के बाजू से रहने वाले अन्य व्यापारी वर्ग रहवासी परेशान बनें हुए हैं।आये दिन बाहन खड़ा करने को लेकर कहासुनी होना अब आम बात हो गई है। बैंकों के प्रबंधनों को चाहिए कि अपने अपने व्यवसाय के चक्कर में दूसरे अन्य व्यापारी वर्ग परेशान ना हो।

### नगर में नहीं है पार्किंग व्यवस्था

तेंदूखेड़ा नगर में मुख्य रूप से पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। शनिवार के दिन लगने वाले साप्ताहिक बाजार या फिर प्रमुख डाक्टरों के क्लीनिकों के समीप मरीजों को लेकर आने वाले वाहनों को खड़ा करने की बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है।बाहन भी यहां वहां खड़े करने से उनकी सुरक्षा को लेकर बड़ी समस्या बनी हुई है। तेंदूखेड़ा के स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि इस दिशा में प्रमुखता से उचित व्यवस्था बनाई जाये।

# झाड़ियों में गुम हो गई नहर, लायनिंग के बाद भी नहीं पहुंचता माइनर नहर में पानी

**गोटेगांव** रानी अबंती बाई सागर परियोजना की नहरों का जाल गोटेगांव इलाके में फैला हुआ है। इसी कड़ी में गोटेगांव से अतरिया गांव जाने वाले मार्ग के बीच में एक छोटी नहर मौजूद है। जो पहले कच्ची होने पर उसके जरिए नहर से पानी किसानों के खेत में नहीं आता था। इसके बाद तीन साल पहले उक्त नहर को विभाग ने लायनिंग कराके पक्का निर्माण कार्य पूरा कराया था, ताकि किसानों के खेत तक नहर के जरिए पानी सिंचाई के लिए पहुंच सके। इस छोटी माइनर को प्रारंभ से अंत तक सीसी कांक्रीट के जरिए लायनिंग का कार्य पूरा कराया था। इसके बाद भी उक्त नहर के जरिए पानी किसानों के खेतों तक नहीं पहुंचता और इस नहर के लायनिंग में जो लाखों रुपए लगाए गए थे उस पर पूरी तरह से पलीता लग गया है। वर्तमान समय में यह लायनिंग वाली नहर पूरी तरह से अकुंरित होने वाली झाड़ियों में गुम हो गई है। जिसके कारण लायनिंग नहर अधिकांश इलाके में नजर ही नहीं आती है।संबंधित अधिकारी उक्त नहर की झाड़ियों को हटवाने की दिशा में कदम उठाएं।



# सालीचौका में अवैध बिजली कनेक्शन पर कार्रवाई

**सालीचौका।** नगर परिषद सालीचौका एवं विद्युत मंडल की संयुक्त टीम ने मुक्तिधाम परिसर में अवैध बिजली कनेक्शन पर सख्त कार्रवाई करते हुए झूलते नग्न तारों को हटाया। लंबे समय से मुक्तिधाम के अंदर अवैध रूप से बिजली चोरी की जा रही थी, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई थी। जानकारी के अनुसार, नगर परिषद अधिकारी भवानी प्रसाद शर्मा के निर्देशन में नगर परिषद टीम एवं विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से कार्यवाही की। मुक्तिधाम परिसर में जगह-जगह से नग्न तार लटक रहे थे, जिनसे करंट दौड़ रहा था। स्थानीय नागरिकों द्वारा बार-बार शिकायत के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया था। बुधवार को नगर परिषद अधिकारी, जनप्रतिनिधियों और विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुँचकर अवैध बिजली के तारों को काटकर हटा दिया। कार्रवाई के दौरान बिजली विभाग ने यह भी पाया कि कुछ लोगों द्वारा निजी उपयोग के लिए अवैध रूप से बिजली की चोरी की जा रही थी। ऐसे सभी कनेक्शन तत्काल काट दिए गए। नगर परिषद अधिकारी ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर इस तरह की बिजली चोरी बेहद खतरनाक है और किसी भी समय जानमाल की क्षति का कारण बन सकती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मुक्तिधाम परिसर में लंबे समय से नग्न तार झूल रहे थे, जिससे करंट लगने का डर हमेशा बना रहता था। नागरिकों ने नगर परिषद और विद्युत विभाग की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि समय रहते कार्रवाई से संभावित बड़ा हादसा टल गया।



### स्थानीय नागरिक बोले अब मुक्तिधाम परिसर सुरक्षित

निवासियों ने राहत की सांस लेते हुए कहा कि नगर परिषद की यह कार्रवाई सराहनीय है। आने वाले दिनों में इस तरह के अवैध कनेक्शनों पर लगातार निगरानी रखने की आवश्यकता है, ताकि सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा बनी रहे।

# आंगनबाड़ी भवन अधूरा रहने से शाला परिसर में बैठ रहे बच्चे

**नवभारत। गोटेगांव** समीपवर्ती ग्राम पंचायत नादिया में शासकीय प्राथमिक शाला परिसर के पास आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कराया गया है। मगर इस भवन का निर्माण लम्बे समय से अधूरा ही पड़ा हुआ है। जिसके कारण उक्त भवन का उपयोग आंगनबाड़ी केन्द्र के द्वारा नहीं किया जा रहा है। वर्तमान समय में शासकीय प्राथमिक शाला भवन में ही आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चे बैठने के लिए मजबूर है। इस आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कब पूरा होगा। इसका कोई भरोसा नहीं है क्योंकि ग्राम पंचायत कहती है कि इस भवन के निर्माण की किस्त नहीं आने से निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है। इसके निर्माण में राशि की कमी लम्बे समय से बनी है। ग्राम पंचायत के पास ऐसा मद नहीं है जिससे उक्त आंगनबाड़ी भवन का निर्माण को पूरा कराया जा सके। इसलिए आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चे प्राथमिक शाला भवन के कक्ष में बैठ रहे हैं। जिला प्रशासन जिस भी ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी भवन अधूरे पड़े है।



## एक नजर में

### भगवान सहस्त्रबाहुजी का धूमधाम से मनाया जन्मोत्सव

**नवभारत। गोटेगांव।** विगत दिवस स्थानीय श्रेया होटल में हैहय क्षत्रीय कलचुरी समाज के चक्रवर्ती संत सम्राट राजराजेश्वर श्री कार्तवीर्य सहस्त्रार्जुनजी के अवतरण दिवस की जयन्ती कार्तिक शुक्ल सप्तमी 28 अक्टूबर मंगलवार को हर्षोल्लास मय माहौल में धूमधाम से मनाई, सर्वप्रथम आराध्य भगवानश्री सहस्त्रबाहुजी के तैलचित्र का पूजन अर्चन आरती वंदन किए जाने के उपरांत समाज के वरिष्ठजनों सहित समाज अध्यक्ष राजेंद्रराय द्वारा दीप प्रज्जवलन कर माल्यार्पण किए जाने के तत्पश्चात समाज की मातृशक्ति व युवाओं ने अधिक संख्या में उपस्थित होकर पूजन अर्चन में सक्रियता प्रदान करने के उपरांत समाज के वरिष्ठजनों का पुष्पमाला तिलक लगाकर स्वागत अभिनन्दन करने के पश्चात पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अरुणराय ने सामाजिक बंधुओ को संबोधित करते हुए कहाकि समाज में एकता व समाज के उत्थान में सक्रियता के साथ अपनी अपनी सहभागिता प्रदान करने का आव्हान किया, तत्पश्चात बद्रीप्रसाद चौकसे ने इस पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएँ बधाई देते हुए मातुशक्ति व युवाओं को समाजसेवा में अग्रणी भूमिका निर्वाह करने हेतु तथा बुजुर्गों व युवा समिति का गठन कर 31 अक्टूबर 2025 में अखिल भारतीय महिला सम्मेलन में घोषणा की जावेगी, तत्पश्चात मनीषारघुनाथ राय अध्यक्ष महिला मंडल द्वारा 31 अक्टूबर 2025 में आयोजित अखिल भारतीय महिला सम्मेलन के समस्त मातृशक्ति की उपस्थिति व सहयोग की अपील करते हुए महिला सम्मेलन में व्यवस्थाओं मंच संचालन स्वागत सभी मातृ शक्ति द्वारा ही किया

### ग्रामीण के साथ लाठी से मारपीट

**नवभारत। गोटेगांव।** पुलिस थाना गोटेगांव के खोबी गांव में मुकेश पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पीपल के पेड़ के पास खोबी में उसके साथ नीरज उर्फ छोटे सेन ने गालियां देते हुए लाठी से मारपीट करके चोट पहुंचाई। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने उसकी रिपोर्ट पर आरोपी पर धारा 296,115,351 बीएसएल के तहत मामला कायम किया है।

### क्षेत्र की सभी प्राथमिक शालाओं में एफएलएन मेले का आयोजन आज

**नवभारत। गाडरवारा।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशों के परिपालन में विकासखंड चीचली तथा साईखेड़ा अंतर्गत सभी शासकीय शालाओं में कक्षा पहली एवं दूसरी के छात्र छात्राओं के लिये बुनियादी साक्षरता तथा संख्यात्मक ज्ञान के अंतर्गत विद्यार्थियों के शारीरिक, बौद्धिक, भाषा विकास, गणितीय अवधारणाओं के क्रियान्वयन तथा सामाजिक भावनात्मक विकास संबंधित एफएलएन मेले का आयोजन आज 30 अक्टूबर को किया जावेगा। विकासखंड स्रोत समन्वयक चीचली डी के पटेल तथा साईखेड़ा बीआरसी संदीप स्थापक ने उक्त मेले में कक्षा पहली एवं दूसरी की समस्त माताओं को विद्यार्थियों सहित उपस्थित रहने की अपील की है।

### राघवेंद्र पचौरी का स्वर्गवास

**नवभारत। गोटेगांव।** समीप ग्राम बगलई गांव के प्रतिष्ठित नागरिक एवं गोटेगांव पचोरी ऑटोमोबाइल्स के संचालक श्री राघवेंद्र पचौरी का लगभग 60 वर्ष की आयु में अस्वस्थ होने के कारण स्वर्गवास हो गया, आप सहज सरल आंचल पचौरी के पूज्य पिता श्री थे ! आप सहज सरल मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे आपकी निधन का समाचार प्राप्त होते ही परिवार जनों व शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया।

### मुख्य सड़क मार्गों के किनारे लग रही मांस की दुकानें

**नवभारत। तेंदूखेड़ा ।** कुछ माह पहले तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों और मुख्य सड़क मार्गों पर लग रही खुलें में मांस की दुकानें हटाये जाने के आदेश दिए गए थे। कुछ समय तो उक्त दुकानें बंद रहीं नेट लगाकर चलतीं रहीं। लेकिन अब उक्त दुकानें खुलेआम चलने लगीं हैं। वहीं तेंदूखेड़ा में अलग से शेड बनाकर दुकानों को जगह दी गई है। और कुछ समय तक लगतीं भी रहीं हैं लेकिन अब उक्त मांस की दुकानें मुख्य सड़क मार्गों पर खुलेआम लगने से जहां गंदगी पूर्ण माहौल बनने लगा है वहीं धार्मिक भावनाओं को आघात पहुंचाया जा रहा है। वहीं शेड में दुकानें लगा रहे दुकान दारों ने भी आपत्ति जताते हुए स्पष्ट किया है कि हम लोग परेशान बनें हुए हैं। बाहर दुकानें लगने से ग्राहक वहां तक पहुंच ही नहीं पाता है। उन्होंने मांग की है कि तत्काल प्रभाव से उक्त दुकानें भीतर निर्धारित शेडों में लगाये जाने चाहिए।




# चल रहा पिच्छीका परिवर्तन समारोह आयोजन

**नवभारत। गाडरवारा ।** आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज के परम प्रभावीका शिष्या आर्यिका मां 105 अनंतमति माताजी सहित नो माता जी का पीछी परिवर्तन भव्य आयोजन के साथ संपन्न हुआ। प्रात: काल चावड़ी जैन मंदिर में श्रीभक्तांमर विधान का आयोजन किया गया। तत्पश्चात आहार चर्या के बाद बहनों के द्वारा नवीन पिछी, मंगल कलश, शास्त्र एवं द्रव्य लेकर माताजी के साथ शोभा यात्रा निकली गई। स्थानीय कोचर रिसोर्ट प्रांगण में शोभा यात्रा का समापन हुआ। तत्पश्चात गुरु जी के चित्र का अनावरण , दीत प्रज्वलन एवं बेटियों के द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर गुरु जी के महा पूजन संगीतमय सुंदर अष्ट द्रव्य सजाकर भक्ति पूर्वक की गई। नवीन पिच्छिका का विमोचन कर श्रावक बंधुओं के द्वारा गुरु मां को प्रदान की गई । तत्पश्चात सभी माताजी की अलग-अलग पुरानी पीछी आर्यिकासंध द्वारा चयनित दंपतियों को बड़ी माताजी के कर कमलों से प्रदान की गई ।बड़ी माता जी की पिछिका रमेश कल्पना जैन(थालावाले) को प्राप्त हुई।

# उपहार पाकर बेटियों के चेहरों पर आई मुस्कान

**नवभारत। करेली।** सकारात्मक सोच व जनहित के मुददे को अपनी राजनीति में समाहित करने वाले विधायक प्रतिनिधि समाजसेवी राम वार्ड के पूर्व पार्षद बृजेश माते के जन्मदिन के शुभ अवसर पर सिविल अस्पताल करेली में मरीजो को फल वितरण एवं पौधारोपण किया गया। वही दीन दयाल रसोई में गरीबों को भोजन कराये गए। कन्या छात्रावास में कन्या पूजन, उनको उपहार व चाट चटनी का कार्यक्रम रखा गया इस अवसर पर रामभरोसे यादव रिटायर्ड शिक्षक, भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक, जगदीश मिश्रा रमेश चंद्र कोचर कोदूलाल बनवारी विजय नेमा संतोष बढ़कुर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र स्वामी सुरेश नेमा सुरेंद्र मोहन नेमा, अनिल पालीवाल, मुकेश रघुवंशी, राजेश चौरसिया, दिनेश अग्रवाल, संतोष तिहैया, वैभव नेमा, परिवार जन मित्र गण भाजपा मंडल के पदाधिकारी सदस्य, भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, पार्षद एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। ब्रजेश माते ने जन्मदिन कन्या छात्रावास में वरिष्ठजनो, की मौजूदगी में मनाया। पौधारोपण कर प्रकृति को धन्यवाद दिया और छात्रा छात्रावास की भगवती स्वरूप कन्याओं का आशीर्वाद लिया चाट-चटनी की महक और बेटियों की मुस्कान ने इस जन्मदिन को सचमुच यादगार बना दिया जीवन के शानदार जन्मोत्सव के अद्भुत पल में अपना आशीर्वाद एवं स्नेह देने परिवार, छात्रावास मैनेजमेंट के समस्त स्टाफ एवं अध्यनरत छात्राएं शामिल रहे। ब्रजेश कहते है कि क्यों न हम सभी अपने जन्मदिवस को एक नए अंदाज में मनाएँ फूलों की सजावट और मोमबत्तियों की जगह, छात्रावास की बेटियों के साथ जीवन की खुशियों के दीप जलाएँ।, आप भी इस अनुभव को भी जीए वाकई आपको आनंद की अनुभूति होगी। हर जन्मदिन को एक नई दिशा दें। जन्मदिन पर सभी की शुभकामनाओं, स्नेह और आशीर्वाद ने इस विशेष दिन को अविस्मरणीय बना दिया। प्रेम और समर्थन ने मुझे व यह एहसास दिलाया कि रिश्तों की व सच्ची ताड़त शब्दों से नहीं, भावनाओं से मापी जाती है।




# पाँच दिन में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो होगा आंदोलन

## सर्दी के मौसम में बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़, सुबह 7 बजे से लगाई जा रहीं कक्षाएं, किसान सभा ने जताया विरोध

**नवभारत। चीचली।** जिले में शिक्षा विभाग की लापरवाही छोटे-छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर भारी पड़ रही है। अक्टूबर माह में बढ़ती ठंड और सुबह चल रही शीतलहर के बावजूद नर्सरी से लेकर आठवीं तक की कक्षाएं सुबह 7 बजे से लगाई जा रही हैं। इस निर्णय से अभिभावकों में नाराजगी के साथ-साथ बच्चों की उपस्थिति पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

### कलेक्टर से लगाई गुहार

मध्य प्रदेश किसान सभा तहसील इकाई गाडरवारा ने जिला कलेक्टर मैडम जी से आग्रह किया है कि छोटे बच्चों को सर्दी के मौसम में सुबह 7 बजे स्कूल बुलाना पूरी तरह अनुचित है। किसान सभा ने कहा कि बड़ी कक्षाएं (नवीं से बारहवीं तक) तो सुबह लगाई जा सकती हैं, परंतु नर्सरी से आठवीं तक के बच्चों को इतनी ठंड में स्कूल बुलाना उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ के समान है।



### ज्ञापन देने के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

महासचिव देवेंद्र वर्मा और अध्यक्ष लीलाधर लोधी ने बताया कि लगभग 15 दिन पूर्व किसान सभा द्वारा ज्ञापन देकर जिला शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया गया था कि छोटे बच्चों की कक्षाएं सुबह 7 बजे से न लगाई जाएं। इसके बावजूद बसूरिया शासकीय स्कूल सहित कई विद्यालयों में पूर्ववत समय पर कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। प्रशासन और शिक्षा विभाग की उदासीनता पर सवाल उठते जा रहे हैं।

### स्वास्थ्य पर पड़ रहा बुरा असर

स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों का कहना है कि सर्दी के इस मौसम में सुबह-सुबह छोटे बच्चों को स्कूल भेजना उनकी सेहत के लिए हानिकारक सिद्ध हो रहा है। कई बच्चे ठंड के कारण बीमार पड़ रहे हैं।

**दूर-दराज के गांवों से आते हैं बच्चे**

बसूरिया शासकीय विद्यालय में लवासर, बारछी, रहम, बेलखेड़ी जैसे गांवों से छात्र-छात्राएं प्रतिदिन लगभग 2 किलोमीटर या उससे अधिक दूरी तय करके पहुंचते हैं। ऐसे में सुबह 7 बजे के समय उन्हें ठंड और धुंध का सामना करना पड़ता है। किसान सभा ने कहा कि विद्यालय प्रशासन ने न तो किसी अभिभावक से राय ली और न ही किसी प्रकार की सार्वजनिक सूचना जारी की। बिना परामर्श के समय बदल देना बच्चों के साथ अन्याय है। किसान सभा ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि पाँच दिवस के अंदर जिला प्रशासन इस समस्या का समाधान नहीं करता है, तो बसूरिया स्थित पटेल दादा दरबार के सामने जिला शिक्षा अधिकारी का पुतला दहन किया जाएगा।

# चोर दिन-दहाड़े चोरी की घटना को अंजाम दे रहे

**नवभारत। गाडरवारा ।** चोरों के हौसले इतने बुलंद हे कि दिन दहाड़े चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है । उन्हें पुलिस का भी डर नही है ऐसा लग रहा कि इस क्षेत्र में मादक पदार्थो का सेवन करने वाले समाजविरोधी गतिविधियों में लिप्त व्यक्ति चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है । आये दिन चोरी की घटनाओं की खबर मिल रही है कुछ दिन पहले नगर के हृदय स्थल ठंडा चौक के पास शुक्रवारा बजरिया में रोजाना चोरी की बारदात हुई तीन, चार दुकाने के ताले तोड़कर अज्ञात चोर सामान चुराकर ले थे। बाहरी लोगों का बगैर मुसाफिरी लिखे नगर में रहना भी शंकाओं को जन्म देता है । नगर में दिनदहाड़े चोरी की घटना पुलिस के लिए चुनोती है दिन में चोरिया होने से लोग अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं । बीते दिवस दिन दहाड़े नगर से हीरो कंपनी की मोटर साइकिल चोरी की वारदात को एक अज्ञात चोर ने अंजाम दिया । उक्त चोर सी सी टी व्ही कैमरे में कैद हो गया है जो चेहरे पर सफेद गमछा लपेटे हुए मोटर साइकिल को चोरी कर ले जा रहा है । उक्त घटना इंद्रा वार्ड चंद्रकेशर कालोनी के पास आई एफ सी क्षेत्र की है जहा से 22 अक्टूबर को दोपहर 3 से 4 बजे के बीच अजय ममार की मोटर साइकिल हीरो एम. पी. 49 एम. आई. 8158 जो उनके घर के सामने खड़ी थी , उसे बेड़ौड़ होकर एक अज्ञात चोर चुराकर ले गया । वाहन मालिक अजय ममार ने उसी दिन शाम को पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कर सी सी टी व्ही फुटेज भी दे दिए है । मोटर साइकिल चोरी की रिपोर्ट पर पुलिस ध्यान देते हुए।

